



# हिंदू सम्मेलन में जुटे 7 हजार लोग, दिया एकजुटता का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 29 दिसंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को कस्बा पोरसा में प्राचीन नागाजी

**पोरसा के नागाजी सरोवर परिसर में हुआ आयोजन**

सरोवर परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस सम्मेलन में कस्बा पोरसा सहित आसपास के क्षेत्र से 7 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। सम्मेलन में संत-महात्मा और विचारकों ने सामाजिक समरसता, एकजुटता और जागरुकता का संदेश दिया।

सम्मेलन में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदू समाज को जातियों में बांटने और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की साजिशों पर कड़ा प्रहार किया। प्रमुख वक्ता अरुण जैन ने कहा कि लंबे समय से समाज की एकता को कमजोर करने के प्रयास किए गए, लेकिन संघ और संत समाज के प्रयासों से आज हिंदू समाज पुनः संगठित हो रहा है। उन्होंने एकजुटता



और जागरूकता को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके पश्चात कलश यात्रा, भारत माता, गौ माता एवं तुलसी पूजन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ।

**सम्मेलन में पंच परिवर्तन पर दिया विशेष जोर :** वक्ताओं ने संघ की पंच परिवर्तन अवधारणा को समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। इसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं शिष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण तथा स्व का बोध व आत्मनिर्भर भारत को अपनाने का आह्वान किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केन्द्र

स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराएं और राष्ट्रभक्ति का प्रभावी प्रदर्शन किया गया।

### भारत को पुन : विश्व गुरु बनाने का संकल्प

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सम्मेलन केवल आयोजन नहीं, बल्कि भारत को पुन : विश्व गुरु बनाने की दिशा में सामाजिक चेतना को जागृत करने का माध्यम हैं। इसके लिए समाज में एकता, अनुशासन, संस्कार और कर्तव्यबोध आवश्यक है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से विक्षिप्त युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 29 दिसंबर।** मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक की रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक का आगरा में इलाज चल रहा था।

**अंबाह थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात हुआ हादसा**

कुछ दिन पहले ही परिजन उसे घर लेकर आए थे।

जानकारी के अनुसार अंबाह थाना क्षेत्र के पूठा निवासी विजय सिंह माहौर पुत्र तेज सिंह माहौर की दिमागी हालत ठीक न होने पर परिवारीजनों द्वारा उनका आगरा उत्तरप्रदेश में उपचार कराया जा रहा था। कुछ दिन पहले ही परिवारीजन विजय सिंह को अपने साथ घर ले आए थे। विजय सिंह के साले लेखराज माहौर ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात को जब घर में सभी लोग सो रहे थे। तभी देर रात को विजय सिंह घर से निकल गया था। सोमवार की सुबह जब परिवारीजन को विजय सिंह चारपाई पर नहीं मिला, तब उन्होंने विजय सिंह की तलाश शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि इंद्रजीत कोल्ड स्टोरेज के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचनें पर उसकी पहचान विजय सिंह के रूप में हुई। उसे तत्काल अंबाह अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि विजय सिंह देर रात को जब घर से निकलने के बाद सड़क पर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# राजकुमार की मौत के मामले की हो निष्पक्ष जांच

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 दिसंबर।** जिले के सिंगरौली गांव में राजकुमार जाटव की मौत के मामले को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन की जिला इकाई की ओर से सोमवार

**भीम आर्मी की जिला इकाई ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन**

को एसपी समीर सौरभ के नाम ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में राजकुमार की मौत के मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय कमेटी से जांच कराए जाने की मांग की गई है।

भीम आर्मी द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 17 दिसंबर को राजकुमार जाटव की नृशंस हत्या कर दी गई थी। घटना



को दस दिन बीत चुके है, लेकिन पुलिस द्वारा तक घटना को अंजाम देने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। ज्ञापन में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सुरक्षा प्रदान किए जाने, चिन्नौनी थाना प्रभारी शंभूदयाल बाथम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज चंदसौरिया, देशराज सिंह, भीम आर्मी के जिला संयोजक रणवीर जाटव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## तीर्थदर्शन योजना : तिरूपति के लिए 1 जनवरी को रवाना होगी ट्रेन

**मुरैना, 29 दिसंबर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनान्तर्गत तिरूपति-श्री कालहस्ती तीर्थ यात्रा 1 जनवरी से 7 जनवरी के लिये जाने वाले चयनित तीर्थ यात्रियों की सूची तैयार की गई है। चयनित यात्री अपने नगरीय निकाय एवं तहसीलों के सूचना पटल पर नाम देख सकते है। चयनित यात्रियों को 31 दिसम्बर को दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक कलेक्टर कार्यालय मे टिकट वितरण किया जाएगा। सायं 4 बजे तक यदि चयनित तीर्थ यात्री टिकट प्राप्त करने नहीं आते तो प्रतीक्षारत सूची के आधार पर टिकटों का वितरण किया जाएगा। प्रत्येक तीर्थ यात्रियों को टिकट प्राप्त करते समय पहचान पत्र लेकर आना आवश्यक होगा।

# जैन समाज की तीन सैकड़ा प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 29 दिसंबर।** अखिल भारतीय दिगंबर जैसवाल जैन उपरोंचिया सेवा न्यास के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दतिया जिले के सोनागिर में हुआ। समारोह में

**जैसवाल जैन उपरोंचिया सेवा न्यास का सोनागिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**

मुरैना जिले सहित देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्व. डॉ. प्रकाशचंद जैन को उनके अतुलनीय योगदान के लिए मरणोपरांत विशेष सम्मान प्रदान किया गया।



रात्रिकाल में भगवान चंद्रप्रभु की महाआरती, प्रातः महामस्तकाभिषेक के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। सेवा न्यास के अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं कमलेश जैन सीए के नेतृत्व में हुआ। राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान संयोजक रविंद्र जैन, सुरेश जैन, रूपेश जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। समारोह में सीए विमल जैन, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक पवन जैन, अध्यक्ष प्रदीप जैन ने अपने उद्बोधनों में कहा कि समाज की सुदृढ़ नींव प्रतिभाओं के सम्मान, संस्कारों के संरक्षण और सेवा भावना से ही बनती है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोमह में समाज रत्न अलंकरण से एडवोकेट करण सिंह जैन मुरैना को निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं गईं। समारोह में लगभग 300 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। चयनित 10 श्रेष्ठ प्रतिभाओं को सोने की गिन्नी, 3 प्रतिभाशाली बच्चों को लैपटॉप जबकि अन्य प्रतिभाओं को स्वर्ण एवं रजत पदक, स्मृति चिन्ह, बैग, पैन, डायरी, बहुरंगी स्मारिका और कैलेंडर भेंट किए गए।

# एक्सीलेंस स्कूल में हुईं एक भारत-श्रेष्ठ भारत गतिविधियां

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 दिसंबर।** एक भारत-श्रेष्ठ भारत गतिविधियों के तहत शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रं. 1 मुरैना में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गतिविधियों को लेकर मणिपुर, नागालैंड के साथ मप्र की जोड़ी बनाई गई है।

दिसंबर माह की गतिविधियों के तहत मणिपुर के लोकनृत्य, जीवन यापन, जन्म एवं शादी विवाह के अवसरों को लेकर बच्चों को बताया गया कि



रासलीला, राधाकृष्ण के प्रेम से प्रेरित नृत्य नाटिका का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। थोंगल जागोई मणिपुर में मैती समुदाय का लोक नृत्य है। जो उनके द्वारा हारोबा उत्सव के दौरान किया जाता है। वहीं लुइबत फैजाक नृत्य तांगखुल नागा समुदाय के सबसे लोकप्रिय नृत्यों में शामिल है। इसमें खेती के विभिन्न चरणों और समुदाय की सरल जीवन शैली को दर्शाया जाता है। कार्यक्रम में प्राचार्य मुकेश कुमार शांडिल्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। प्रेम कुमार पाराशर ने बच्चों को मणिपुर के सांस्कृतिक महोत्सव के बारे में बताया। शिक्षिका श्रीमती अर्पणा तोमर, श्रीमती कविता सारस्वत, शिक्षक हर्ष पाराशर का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में 92 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चेक बाउंस प्रकरण में दोषी को 2 वर्ष सश्रम कैद, चुकाने होंगे 3 .62 करोड़

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 29 दिसंबर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंबाह राहुल सोलंकी ने चेक बाउंस के प्रकरण में ऋण

**अंबाह के न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल सोलंकी ने सुनाया फैसला**

हितग्राही विनोद कुमार शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा निवासी सेंथरा अहीर को 2 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने दोषी को बाउंस हुए दोनों चेकों की राशि से दोगुना 3 करोड़ 62 लाख से अधिक राशि मप्र ग्रामीण बैंक की पोरसा शाखा को चुकाने का आदेश दिया है।

मप्र ग्रामीण बैंक की पोरसा शाखा के प्रबंधक ने बताया कि विनोद कुमार शर्मा नि. सेंथरा अहीर पोरसा ने 2006 में बैंक से 1 करोड़ 50 लाख रुपए का ऋण लिया था। इस राशि की अदायगी को लेकर विनोद शर्मा ने बैंक में 88,25,504 रूपये एवं 92,98,485 रूपये की राशि के दो चेक जमा कराए थे। ऋण की वसूली के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा जब दोनों चेक को भुगतान के लिए संबंधित शाखाओं को भेजा गया तो दोनों चेक बाउंस हो गए थे। जिसके बाद मप्र ग्रामीण बैंक पोरसा की ओर से धारा-138 एनआई एक्ट के तहत वर्ष 2011 में सिविल न्यायालय में परिवाद दायर किया। वर्तमान शाखा प्रबंधक शशांक तिवारी ने इस प्रकरण में न्यायालय से फास्ट ट्रेक सुनवाई किए जाने का आग्रह किया। आग्रह पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंबाह राहुल सोलंकी ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए हितग्राही विनोद कुमार शर्मा को दोषी करार दिया और दोनों चेकों की राशि से दोगुनी राशि बैंक को चुकाए जाने के साथ दो वष सश्रम कारावास की सजा से दंडित किए जाने का फैसला सुनाया।

## शाला कायाकल्प कार्यों की हो रही मॉनीटरिंग

**भिण्ड, 29 दिसम्बर।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार राज्य योजना अन्तर्गत विभागीय परिसम्पत्तियों संधारण योजना के अन्तर्गत जिले की कुल 89 शालाओं की मरम्मत एवं आर्कषक बनाये जाने हेतु कलेक्टर भिण्ड द्वारा प्रशासकीय प्रदाय कर दी गई है जिस पर लगभग 1 करोड़ 9 लाख व्यय होने की संभावना है उक्त मरम्मत कार्य 31 मार्च 2026 के पूर्व पूर्ण करवाये जायेंगे। उक्त क्रम में कलेक्टर भिण्ड के निर्देशन में श्री महेन्द्र सिंह सौजन्या, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक एवं सहायक यंत्री श्री रविशंकर शर्मा द्वारा विकासखण्ड वार शालाओं की मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है।

# सेंट आरसेटी में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 29 दिसंबर।** भारतीय रिजर्व बैंक, सेंट्रल बैंक, नाबार्ड एवं सहयोगी संस्थान आरोह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेन्ट आसेटी कार्यालय में 29 दिसंबर को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ।

इस शिविर में बतौर मुख्य वक्ता एसबीआई के डीजीएम जसविंदर सिंह औजला उपस्थित थे। जिला पंचायत के सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, अंकुश सिन्हा भोपाल, रीजनल मैनेजर प्रियंका बंसल, सेंट्रल बैंक ग्वालियर एवं एलडीएम, आरसेटी भगवान सिंह सहित सभी बैंकों के मैनेजर उपस्थित थे।

शिविर में अनक्लेम्ड एसेसट्स के सुगम और त्वरित निपटान के लिए विगत अक्टूबर-नवंबर 2025 में चलाए गए अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। शिविर में मुख्य वक्ता डीजीएम जसविंदर सिंह ने कहा कि अनक्लेम्ड एसेसट्स अर्थात आपकी पूंजी और आपका अधिकार है।

# तमंचे के साथ शातिर वाहन चोर पकड़ा, 4 बाइकें जब्त

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 29 दिसंबर।** अंबाह पुलिस ने शातिर वाहन चोर विष्णु परमार को दबोचने में

**अंबाह थाने की पुलिस को मिली सफलता, ग्वालियर, धौलपुर से चुराईं थीं बाइकें**

सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके पास से 12 बोर का तमंचा, जिंदा राउण्ड और ग्वालियर एवं धौलपुर से चुराईं गईं 4



मोटरसाईकिलें बरामद की है।

अंबाह थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह कुशवाह ने रविवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कस्बे में गल्लामंडी स्थित अस्थाई गौशाला के पास से विष्णु परमार 34 पुत्र विजय परमार नि. नंदोल का पुरा हाल करौली माता रोड अंबाह को पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 12 बोर का तमंचा और जिंदा राउण्ड जब्त किए। सख्ती से पूछताछ करने पर विष्णु ने अलग-अलग जगहों से मोटरसाईकिलें चुराए जाने की बात कुबूल की। पुलिस ने विष्णु की निशानदेही पर चुराईं गई 4 मोटरसाईकिलें बरामद कर ली है। जिनमें से 3 धौलपुर एवं एक ग्वालियर से चुराई गई थी। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह कुशवाह, उप निरीक्षक चेतन सिंह, प्रज्ञाशील, किशन सिंह शामिल थे।


## आम सूचना

श्री कुलदीप सिंह जादौन पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह जादौन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम सुन्हेरा, प.ह.नं.53, रा.नि.मं., सबलगढ़, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.16 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.228/1/2/1 ग्राम सुन्हेरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-हुकमा की दीवार, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूमि शेर सिंह एवं दक्षिण में-भूखण्ड भगवती है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती उदयकुंवारी पत्नी श्री हरगोविन्द सिंह, श्री ओमश्री पत्नी श्री दीप सिंह, श्रीमती कृष्णकांती पत्नी श्री भीम सिंह, श्रीमती ममता पत्नी श्री उदय सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती उदयकुंवारी का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी रानी सेंगर एवं मोनिका पुत्रियां श्री हरगोविन्द सिंह उनकी सम्पत्ति की मालिक हुई एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती रानी सेंगर एवं श्रीमती कृष्णकांती द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री कुलदीप सिंह जादौन पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह जादौन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 21 आईजीआर 17932025ए100679145 दिनांक 04.08.2025 से विक्रय की गई। श्री कुलदीप सिंह जादौन द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणप्पुरम होम फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को एवं श्रीमती उदयकुंवारी के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर अथवा कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**


# टेटरा थाने के सामने से रोज निकलते हैं रेत के एक सैकड़ा ट्रैक्टर

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 29 नवम्बर।** पुलिस एवं वन विभाग की मिलीभगत से बरोठा केमाराकला चम्बल नदी के घाट से रेत माफियाओ द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रोली रेत भरकर विजयपुर बीरपुर टेटरा के आस पास बेचा जा रहा है टेटरा थाना विजयपुर चौराहे पर बना हुआ है टेटरा थाना मात्र बीस फीट की दूरी पर स्थिति है।

सुबह पांच बजे से ही रेत का आवागमन शुरू हो जाता है और एक साथ कई ट्रैक्टर ट्रोली फर्राटे भरते हुए थाने के सामने से निकलते हैं जिससे कई बार अप्रिय घटना भी हो चुकी है बरोठा



केमाराकला चम्बल नदी घाट पर जे सी वी से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है ऐसा नहीं है कि इस संबंध में टेटरा थाना प्रभारी एवं वन विभाग के अधिकारियों को कोई जानकारी नहीं हो परन्तु यह सब उनकी रजामंदी से ही किया जा रहा है केमाराकलां के एक ग्रामीण ने बताया कि सुबह छह बजे से ही रेत के ट्रैक्टर ट्रोली गांव की गलियों में तेज गति से भागते हैं जिससे दुर्घटना का भय लगा रहता है जब इन रेत के ट्रैक्टर ट्रोली के ड्राइवरों को धीरे धीरे चलने के लिए कहा जाता है तो वह बदतमीजी करते हैं और मारने की धौंस देते हैं टेटरा थाना प्रभारी ओर बन विभाग के अधिकारियों द्वारा इन अवैध रूप से चल रहे ट्रैक्टर ट्रोलीयो के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती है जिससे यह रेत माफिया चंबल नदी का का सीना छलनी कर अवैध रूप से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर ट्रोलीयो से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सांदीपनी स्कूल के छात्राओं ने लिया भाग

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 29 नवम्बर।** शैक्षिक प्रणाली में 'सृजन' जैसे कार्यक्रमों और करियर मार्गदर्शन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना है

**शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को कैरियर पथ के चयन के लिए दिखाई राह**

2025 में प्रचलित शैक्षणिक सुधारों और 'सृजन अभियान' जैसे पहलों के आधार मुख्य है संदीपनी सीएम रायज स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सरला रावत मौजूद रही



सोमवार दोपहर 2:00 बजे से सही करियर पथ का चयन के प्राथमिक उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचियों कौशल और क्षमताओं को समझने में मदद करना है ताकि वे भविष्य के लिए सही शैक्षणिक पाठ्यक्रम और करियर का चुनाव कर सकें।

सांदीपनि सीएम राइज के प्रिंसिपल ब्रह्मानंद शर्मा का कहना छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सृजन सीख का उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में 25 से 30 छात्रों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं की क्षमता के अनुसार यह प्रदर्शनी लगाई गई है छात्र अपने भविष्य का निर्माण कर सकता है। सभी शिक्षकों के सहयोग से ही साल उचित तरीके से शाला प्रबंधन संभव हो रहा है।